

# विषय-सूची


| | | |
|---|---|---|
| 1. | **राजस्थान के प्रमुख खिलाड़ी** | **4-5** |
| 2. | **खेलकूद स्पर्द्धाएँ** | **6-34** |
| | क्रिकेट | 6-7 |
| | निशानेबाजी | 7-10 |
| | एथलेटिक्स | 10-12 |
| | शतरंज | 12-13 |
| | मुक्केबाजी | 13-14 |
| | जूडो | 14-15 |
| | कबड्डी | 15 |
| | बैडमिंटन | 16 |
| | कुश्ती | 17 |
| | भारोत्तोलन | 17-18 |
| | पॉवर लिफ्टिंग | 18 |
| | तीरंदाजी | 18-20 |
| | स्क्वैश | 20-21 |
| | बॉस्केटबॉल | 22 |
| | फुटबॉल | 23 |
| | वुशू | 24-25 |
| | टेनिस | 25-26 |
| | ताइक्वांडो | 26-27 |
| | तैराकी | 27 |
| | गोल्फ | 28 |






विषय-सूची


| | |
|---|---|
| रोलबॉल | 28–29 |
| तलवारबाजी | 29–30 |
| विविध खेल | 30–34 |
| फायर गेम्स | 30 |
| पैरा गेम्स | 30 |
| शुटिंग बॉल | 30 |
| हॉकी/सॉफ्ट हॉकी | 30–31 |
| बॉल बैडमिंटन | 31 |
| बीच कबड्डी | 31 |
| रग्बी | 31 |
| टेबल टेनिस | 31–32 |
| पोलो | 32 |
| पिकलबॉल | 32–33 |
| वॉलीबॉल | 33 |
| लैक्रोज | 33 |
| हैण्डबॉल | 33 |
| वुशू कुंग्फू | 33 |
| नेट बॉल | 34 |
| अन्य खेल | 34 |
| **3. खेलो इंडिया गेम्स** | **35-36** |
| **4. 38वें नेशनल गेम्स 2025** | **37** |
| **5. चर्चित खिलाड़ी** | **38-39** |
| **6. खेल समाचार** | **40** |






# खेलकूद स्पर्द्धाएँ





## क्रिकेट

| प्रतियोगिता | आयोजन/आयोजक | विजेता | उप-विजेता | विशेष |
|---|---|---|---|---|
| **राजस्थान स्टेट अंडर-23 मेंस चैम्पियनशिप** | | उदयपुर | जयपुर | **बेस्ट बॉलर** : रितिक औडिच्य और **बेस्ट बैट्समैन** : राज शर्मा |
| **(29वाँ) पीएसपीबी इंटर यूनिट सीनियर्स टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट** | 11-15 दिसम्बर, 2025 जयपुरिया एकेडमी, जयपुर | इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (IOCL) | ऑयल इंडिया लिमिटेड (OIL) | **आयोजकः** गेल (इंडिया) लिमिटेड |
| **प्रथम बिरसा मुंडा कप क्रिकेट टूर्नामेंट** | फाइनल मैच : जयपुर में 30 नवम्बर, 2025 | यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड | द न्यू इंडिया इंश्योरेंस कंपनी | **सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजः** प्रतीक धावल **सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजः** राहुल मीणा |
| **अंडर-14 स्टेट वनडे क्रिकेट चैम्पियनशिप** | 15-25 दिसम्बर, 2025 जोधपुर, जयपुर और उदयपुर | - | - | - |
| **राज्य स्तरीय टी-20 क्रिक्रेट प्रतियोगिता-2025 (गृह रक्षा विभाग)** | 13-17 अक्टूबर, 2025 | बीकानेर सम्भाग | अजमेर सम्भाग | |
| **संभाग स्तरीय टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट** | 6-8 अक्टूबर, 2025 | गृह रक्षा, जयपुर | गृह रक्षा, अलवर | |
| **आरसीए अंडर-19 स्टेट चैम्पियनशिप** | सवाई मानसिंह स्टेडियम, जयपुर | जोधपुर (5वीं बार) | बीकानेर | जोधपुर ने यह खिताब **19 साल बाद** जीता है। |
| **68वीं राष्ट्रीय विद्यालय बालिका क्रिकेट प्रतियोगिता (अंडर-19)** | 29 जनवरी- 3 फरवरी, 2025 उदयपुर | महाराष्ट्र | उत्तर प्रदेश | राजस्थानः तीसरा स्थान |
| **सीनियर वीमेन टी20 टूर्नामेंट 2025** | अगस्त 2025, **जयपुर** में | जयपुर व सीकर संयुक्त विजेता | - | - |
| **कोल्विन शील्ड (राज्य स्तरीय सीनियर क्रिकेट टूर्नामेंट)** | फाइनलः 26 जून, 2025 | जयपुर | श्रीगंगानगर | **बेस्ट बॉलरः** साहिल दीवान (जयपुर), **प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंटः** सुमित गोदारा (श्रीगंगानगर), **फाइनल के बेस्ट खिलाड़ीः** दीपक चौधरी(श्रीगंगानगर) |

### सीकर की टीम बनी आरसीए अंडर-14 स्टेट टूर्नामेंट की चैम्पियन

- **प्रतियोगिताः** आरसीए अंडर-14 राज्य-स्तरीय टूर्नामेंट
- **आयोजकः** राजस्थान क्रिकेट ऐसोसिएशन
- **आयोजनः** दिसम्बर 2025 (जयपुर) में
- **विजेताः** सीकर की टीम
- **उपविजेताः** जयपुर
- **फाइनल मैचः** 27 दिसम्बर, 2025 को खेले गए इस टूर्नामेंट के फाइनल में सीकर ने जयपुर को 9 विकेट से पराजित कर अपने नाम किया।
- **स्कोरः** सीकर ने जयपुर की पारी को मात्र 99 रनों पर समेटकर 22.2 ओवर में ही एक विकेट पर 100 रन बना खिताब अपने नाम किया।
- **प्रमुख खिलाड़ीः** सीकर के लिए इस मैच में लवमीत गुर्जर (21 पर 5 विकेट) की शानदार गेंदबाजी की तथा मयुर शर्मा (नाबाद 69) की बेहतरीन पारी खेली।

## कुनाल फौजदार ने बनाया रिकॉर्ड

- भरतपुर के लेफ्ट आर्म स्पिनर कुनाल फौजदार ने 11 अक्टूबर, 2025 को राज्य-स्तरीय अंडर-16 क्रिकेट टूर्नामेंट में दौसा के विरुद्ध 5 ओवर में मात्र 1 रन देकर 6 विकेट लेने का कारनामा किया।
- **रिकॉर्ड:** कुनाल ऐसा करने वाले राजस्थान के पहले गेंदबाज बन गए हैं।

## जोधपुर जिला क्रिकेट संघ द्वारा ग्रेडिंग सिस्टम लागू

- जोधपुर जिला क्रिकेट संघ बीसीसीआई की तर्ज पर खिलाड़ियों के लिए ग्रेडिंग सिस्टम लागू करने वाला देश का पहला जिला बन गया है।
- **वार्षिक अनुबंध राशि (पे ग्रेड):**
  - **ए प्लस ग्रेड:** ₹ 12,000
  - **ए ग्रेड:** ₹ 10,000
  - **बी ग्रेड:** ₹ 7,500
  - **सी ग्रेड:** ₹ 5,000

## राजस्थान क्रिकेट टीमों के लिए सपोर्ट स्टाफ की घोषणा

- राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन (RCA) की एडहॉक कमेटी ने बीसीसीआई के घरेलू क्रिकेट सत्र 2025-26 के लिए विभिन्न आयु वर्ग की पुरुष एवं महिला टीमों के लिए सपोर्ट स्टाफ (कोच, ट्रेनर, फिजियो आदि) की घोषणा की है।
- **प्रमुख टीमों के मुख्य कोच:**
  - **रणजी टीम (सीनियर पुरुष):** अंशु जैन
  - **सीनियर महिला टीम:** राकेश बत्रा
  - **अंडर-23 पुरुष टीम:** हरीश जोशी
  - **अंडर-19 पुरुष टीम:** पंकज गुप्ता
- **पंकज सिंह और मेघा सिंह बने राजस्थान क्रिकेट टीमों के मेंटोर**
  - राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन (RCA) ने 2 अगस्त, 2025 को पूर्व अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेटर पंकज सिंह को राजस्थान की सभी पुरुष क्रिकेट टीमों का **मेंटोर** नियुक्त किया गया है।
  - **महिला टीमों की मेंटोर:** मेघा गौड़।
- **आरसीए की चयन समितियाँ घोषित**
  - **घोषणा:** 31 मई, 2025, एडहॉक समिति के संयोजक जयदीप बिहानी ने
  - **अध्यक्ष, सीनियर चयन समिति :** विलास जोशी
  - **अध्यक्ष, जूनियर बॉयज चयन समिति :** अनूप दवे (पूर्व रणजी खिलाड़ी)
  - **चेयरमैन, महिला क्रिकेट टीम चयन समिति:** पूनम यादव।

## कम्युनिटी क्रिकेट प्रतियोगिता

- **आयोजन:** अलवर लोकसभा क्षेत्र की आठों विधानसभाओं में कम्युनिटी खेलों का आयोजन कराया जा रहा है।
- **शुभारम्भ :** वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा द्वारा राजऋषि महाविद्यालय के खेल मैदान में 14 दिसम्बर, 2025 को किया गया।
- यह क्रिकेट प्रतियोगिता 'अलवर सांसद खेल उत्सव 2.0' के तहत आयोजित की जा रही है।



# निशानबाजी

## 68वीं राष्ट्रीय शूटिंग प्रतियोगिता मानिनी कौशिक ने जीता स्वर्ण पदक

- **शीर्षक:** 68वीं नेशनल शूटिंग चैम्पियनशिप (राइफल)
- **आयोजन तिथि:** 11 दिसम्बर से 2 जनवरी, 2025
- **आयोजन स्थल:** भोपाल (मध्यप्रदेश)

### राजस्थान के प्रमुख पदक विजेता:

- **मानिनी कौशिक:** इस प्रतियोगिता में मानिनी कौशिक ने 50 मीटर राइफल 3पी टीम इवेंट में स्वर्ण पदक जीता है।
  - 50 मीटर राइफल 3पी टीम इवेंट में मानिनी की अगुवाई में टीम ने स्वीटी चौधरी और मोनिका जाखड़ के साथ मिलकर 1741 अंक बनाकर यह पदक प्राप्त किया।
- **जमना पुरी:** जयपुर के जमना पुरी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 50 मीटर थ्री पोजिशन सीनियर वर्ग में व्यक्तिगत कांस्य पदक जीता।
  - इसके साथ ही उन्होंने टीम वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल किया।
- **स्तुति पारीक:** ट्योलर हाई स्कूल, जयपुर की छात्रा स्तुति पारीक ने 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में 592.8 अंक हासिल किए हैं।
  - इस उपलब्धि के साथ उन्होंने नेशनल प्लेयर का दर्जा प्राप्त कर लिया है।
- **वैभव प्रताप सिंह:** जयपुर के निशानेबाज वैभव प्रताप सिंह चौहान ने 50 मीटर थ्री पोजीशन पुरुष वर्ग तथा 50 मीटर राइफल प्रोन पुरुष वर्ग में भारत सरकार द्वारा निर्धारित स्कोर हासिल किया है।
  - वैभव ने अपने भारतीय शूटिंग टीम की चयन ट्रायल के लिए भी क्वालीफाई कर लिया
  - इससे पूर्व वैभव ने देहरादून में सम्पन्न नॉर्थ जोन चैम्पियनशिप में 50 मीटर थ्री पोजिशन राइफल यूथ कैटेगरी में ब्रॉन्ज मेडल जीता था।

## पैरा निशानेबाज गौतम पारीक ने राष्ट्रीय शूटिंग चैंपियनशिप में जीते स्वर्ण व रजत पदक

- **शीर्षक:** 68वीं राष्ट्रीय पैरा शूटिंग प्रतियोगिता
- **आयोजन तिथि:** दिसम्बर2025 -जनवरी, 2026
- **आयोजन स्थल:** डॉ. करणी सिंह शूटिंग रेंज (दिल्ली)

### राजस्थान के प्रमुख पदक विजेता

- **गौतम पारीकः** करधनी (जयपुर) के 16 वर्षीय गौतम पारीक ने पैरा शूटिंग चैम्पियनशिप में एक स्वर्ण और एक रजत पदक जीता है।
- **श्रेणीः** उन्होंने 10 मीटर एयर पिस्टल (SH1) स्पर्धा में पुरुषों की युवा श्रेणी में स्वर्ण पदक जीता है।
  - उन्होंने पुरुषों की जूनियर श्रेणी में रजत पदक हासिल किया।
  - वर्ष 2024 में भी गौतम ने राष्ट्रीय स्तर की शूटिंग स्पर्धाओं में 3 स्वर्ण पदक जीते थे।

### अन्य पदक विजेता

- **राहुल शर्मा (गंगापुर सिटी)ः** पैरा पिस्टल निशानेबाजी में 10 मीटर एयर पिस्टल पैरा स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता।
- **रक्षित कस्वां (ढाढ़र गांव, चुरू)ः** रक्षित कस्वां ने 10 मीटर एयर पिस्टल में पैरा एसएच 1 श्रेणी में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक प्राप्त किया है।
- **आनंद चरणः** चैंपियनशिप में आनंद ने 10 मीटर में एक गोल्ड और एक ब्रॉन्ज तथा 25 मीटर में एक ब्रॉन्ज मेडल पर निशाना साधा।
- **सौरभि शर्माः** सौरभि ने ब्रॉन्ज मेडल के साथ ही टीम इवेंट में सिल्वर मेडल भी जीता।

## 68वीं नेशनल शूटिंग चैम्पियनशिप : लावण्या कंवर ने पिस्टल इवेंट्स में जीते 7 पदक

- **शीर्षकः** 68वीं राष्ट्रीय शूटिंग प्रतियोगिता (पिस्टल)
- **आयोजन तिथिः** 11 दिसम्बर से 4 जनवरी, 2026
- **आयोजन स्थलः** डॉ. करणी सिंह शूटिंग रेंज (दिल्ली)
- **लावण्या कंवर की उपलब्धिः** इस चैम्पियनशिप के पिस्टल इवेंट में राजस्थान की 14 वर्षीय लावण्या कंवर ने 7 पदक (1 गोल्ड, 4 सिल्वर, 2 ब्रॉन्ज) जीतने में सफलता हासिल की।
  - लावण्या ने मुख्य रूप से 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में जीत (दो रजत पदक) हासिल की है।
- **शिखा ने जीते छह पदकः** राजस्थान की शिखा ने चैम्पियनशिप में के टीम इवेंट्स में 6 मेडल जीते, जिनमें 3 गोल्ड, 1 सिल्वर और 2 ब्रॉन्ज शामिल हैं।
  - उन्होंने 25 मी. जूनियर स्टैंडर्ड पिस्टल, 50 मी. फ्री पिस्टल और 10 मी. एयर पिस्टल स्पर्धाओं में यह उपलब्धि हासिल की।

### अन्य पदक विजेता

- **पूर्वी प्रतापः** 25 मीटर स्टेण्डर्ड पिस्टल में राजस्थान की महिला खिलाड़ी पूर्वी प्रताप ने व्यक्तिगत सिल्वर मेडल व साथ ही जुनियर की नेशनल टीम में शिखा चौधरी, पूर्वी प्रताप कच्छावा व जयश्री सिंह कृष्णिया की जोड़ी ने ब्रांज मेडल व साथ ही सिविलियन की टीम ने सिल्वर मेडल जीता।
- **पुष्पा मेघवालः** इन्होंने सुपरमास्टर महिला व्यक्तिगत ईवेंट में गोल्ड मेडल एंव सिल्वर मेडल प्राप्त किया।
- **मारियम खानः** राष्ट्रीय सब जूनियर केटेगरी में 10 मीटर एयर पिस्टल शूटिंग प्रतियोगिता में जयपुर की मारियम खान ने 600 अंको में से 542 अंक हासिल कर सब जूनियर 10 मीटर शूटिंग रेंज का खिताब अपने नाम किया।
- **यशस्वी राठौडः** यशस्वी राठौड ने व्यक्तिगत सीनियर ईवेन्ट में सिल्वर मेडल के साथ जीता।
  - जूनियर महिला स्कीट टीम इवेन्ट में भी यशस्वी राठौड, संयोगिता शेखावत, कामना उदावत ने सिल्वर मेडल जीता।
- सीनियर महिला टीम ईवेन्ट में ओलिम्पियन महेश्वरी चौहान, दर्शना राठौड व यशस्वी राठौड की जोडी ने शानदार प्रदर्शन करते हुये स्वर्ण पदक जीता।

## छठी नेशनल पैरा शूटिंग चैम्पियनशिप

- **आयोजन** : डॉ. करणी सिंह रेंज, दिल्ली (दिसम्बर 2025)
- **राजस्थान के स्वर्ण पदक विजेताः** सुशील कुमार मीणा (सरकारी स्कूल शिक्षक, मालवीय नगर, जयपुर)
- **श्रेणी जिसमें पदक जीताः** PT 1(SG-L)
- **स्कोरः** उन्होंने 86 का स्कोर कर यह पदक जीता।

## फोर्थ ऑल इंडिया शॉटगन शोडाउन चैंपियनशिप

- **आयोजन** : डॉ. करणी सिंह रेंज, दिल्ली (27-29 नवम्बर, 2025)
- **राजस्थान के स्वर्ण पदक विजेताः** सूर्य देव सिंह राठौड़ (जयपुर)।
- **स्कोरः** इस प्रतियोगिता में उनका स्कोर 109/125 अंक रहा।

## नेशनल शूटिंग चैम्पियनशिप (शॉटगन)

- **आयोजन** : डॉ. करणी सिंह रेंज, दिल्ली
- **राजस्थान के स्वर्ण पदक विजेताः** स्कीट शूटर सरोश खान (कोटा)
  - **कैटेगरी जिसमें पदक जीताः** मास्टर्स कैटेगरी में।

## 2025 पैरा शूटिंग विश्व कप

- **आयोजन स्थलः** अल ऐन, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई)
- **आयोजन तिथिः** 25 अक्तूबर से 5 नवम्बर, 2025
- **राजस्थान की स्वर्ण पदक विजेताः** अवनि लेखरा (जयपुर)
- **श्रेणी जिसमें पदक जीताः** महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्टैंडिंग एसएच1 स्पर्द्धा में।
  - 1 नवम्बर, 2025 को हुए मुकाबले में उन्होंने स्वीडन की अन्ना बेसनॉन को पछाड़कर यह खिताब जीता।
- इसके अलावा अवनि लेखरा ने 50 मीटर थ्रीपी वुमेन में रजत पदक भी हासिल किया है।
  - इस स्पर्द्धा का स्वर्ण पदक स्वीडन की अन्ना बेसनॉन ने जीता।

## 34वीं ऑल इंडिया जीवी मावलंकर शूटिंग चैम्पियनशिप

- **आयोजन** : 9-15 अक्टूबर, 2025 को भोपाल में
- **राजस्थान के रजत पदक विजेताः** दीपेंद्रसिंह शेखावत (सांवलोदा गाँव, सीकर)
- **इवेंट जिसमें पदक जीताः** 50 मीटर ओपन साइट राइफल थ्री पोजिशन
- **विशेषः** ओपन साइट राइफल थ्री पोजिशन के नेशनल लेवल टूर्नामेंट में पिछले 20 वर्षों में पहली बार किसी राजस्थान के खिलाड़ी ने सिल्वर मेडल अपने नाम किया है।

## मोहम्मद तारिक शम्सी ने जीता रजत और कांस्य पदक

- **प्रतियोगिता** : सनसिटी जोधपुर ऑल इंडिया शूटिंग चैम्पियनशिप
- **आयोजन**: जगतपुरा शूटिंग रेंज, जयपुर में अगस्त 2025 में
- **मोहम्मद तारिक शम्सी द्वारा विजित पदक**: जयपुर के मोहम्मद तारिक शम्सी ने एक रजत और एक कांस्य पदक जीता।
- **इवेंट**: उन्होंने टीम **22 राइफल इवेंट में रजत पदक और** व्यक्तिगत इवेंट में **कांस्य पदक** हासिल किया।

## मानिनी कौशिक ने जीता स्वर्ण पदक

- जयपुर की मानिनी कौशिक ने राज्य-स्तरीय **शूटिंग चैम्पियनशिप 2025** की **50 मीटर** राइफल 3P स्पर्द्धा में **स्वर्ण पदक** जीता।
- यह उनका लगातार **चौथा स्वर्ण पदक** है।
- इसके अलावा, उन्होंने 'प्रोन स्पर्द्धा' में **कांस्य पदक** भी हासिल किया।

## अन्तर्राष्ट्रीय पैरा शूटर रुद्रांश खंडेलवाल ने जीते 6 मेडल

- **प्रतियोगिता** : ओपन इंडिया पैरा शूटिंग चैम्पियनशिप 2025
- **आयोजन**: पुणे
- **रुद्रांश खंडेलवाल की उपलब्धि**: अन्तर्राष्ट्रीय पैरा शूटर रुद्रांश खंडेलवाल ने इस चैम्पियनशिप में कुल 6 मेडल जीते हैं।
- इनमें **2 गोल्ड, 3 सिल्वर** और **1 ब्रॉन्ज मेडल** शामिल हैं।
- उन्होंने ये पदक **10 मीटर एयर पिस्टल, 10 मीटर स्टैंडर्ड पिस्टल** और **50 मीटर पिस्टल** वर्गों में जीते।
- **अन्य उपलब्धि**: इन शानदार प्रदर्शन के साथ ही रुद्रांश ने **वर्ल्ड कप** के लिए भी क्वालीफाई कर लिया है।

## एशियन शूटिंग चैम्पियनशिप 2025

- **16वीं एशियन शूटिंग चैम्पियनशिप** का आयोजन **16-30 अगस्त, 2025** को **शिमकेंट (कज़ाख़स्तान)** में किया गया।
- इस प्रतियोगिता में राजस्थान के निशानेबाजों ने **25 पदक** जीते।
- पदक विजेताओं की सूची इस प्रकार है–

### सीनियर वर्ग

| खिलाड़ी का नाम | स्पर्द्धा | पदक |
|---|---|---|
| अनंत सिंह नरुका | पुरुष स्कीट स्पर्द्धा | स्वर्ण |
| अनुष्का सिंह भाटी | महिला डबल ट्रैप (ग्रा. प्रिक्स) और डबल ट्रैप टीम (ग्रा.प्रिक्स) टीम | स्वर्ण |
| योगेश कुमार | पुरुष 50 मी. पिस्टल टीम | रजत |
| मानिनी कौशिक | महिला 50 मी. राइफल प्रोन टीम | रजत |
| मानिनी कौशिक | महिला 50 मी. राइफल प्रोन व्यक्तिगत | कांस्य |
| हर्षवर्धन सिंह कविया | पुरुष डबल ट्रैप टीम (ग्रा. प्रि.) | कांस्य |
| भानू प्रताप सिंह | पुरुष डबल ट्रैप टीम (ग्रा. प्रि.) | कांस्य |

### जूनियर वर्ग

| | | |
|---|---|---|
| यशस्वी राठौड | स्कीट मिक्स्ड टीम (ग्रांड प्रिक्स) | स्वर्ण |
| उद्धव सिंह राठौड़ | पुरुष ट्रैप टीम | स्वर्ण |
| अभिनव चौधरी | पुरुष 25 मीटर पिस्टल टीम, 25 मी. रैपिड फायर पिस्टल टीम, 50 मी. पिस्टल टीम (ग्रा.प्री.) | स्वर्ण |
| उमेश चौधरी | 50 मी. पिस्टल टीम (ग्रा.प्री.) | स्वर्ण |
| कुशाग्र सिंह राजावत | पुरुष 50 मी. राइफल प्रोन जूनियर टीम | स्वर्ण |
| मोहिनी सिंह | 10 मी. एयर पिस्टल जूनियर टीम | स्वर्ण |
| यशस्वी राठौड | महिला स्कीट व्यक्तिगत और स्कीट टीम (ग्रा. प्रिक्स) | रजत |
| अभिनव चौधरी | पुरुष 25 मी. पिस्टल व्यक्तिगत जूनियर | रजत |
| मो. हातिम खान | पुरुष डबल ट्रैप व्यक्तिगत जूनियर | रजत |
| यादवेन्द्र चुंडावत | डबल ट्रैप व्यक्तिगत जूनियर | कांस्य |

### यूथ वर्ग

| | | |
|---|---|---|
| धीरेन्द्र सिंह भाटी | पुरुष 10 मी. एयर राइफल | स्वर्ण |
| गिरीश गुप्ता | 10 मी. एयर पिस्टल मिक्स्ड टीम और 10 मी. एयर पिस्टल व्यक्तिगत | स्वर्ण |
| गिरीश गुप्ता | 10 मी. एयर पिस्टल टीम | रजत |
| राजवीर राठौड | स्कीट व्यक्तिगत | रजत |
| पंकज जाट | 10 मी. एयर पिस्टल टीम | रजत |

## पैरा शूटिंग वर्ल्ड कप (WIPS) : रूद्रांश ने जीते पाँच पदक

- **आयोजन**: दक्षिण कोरिया के चांगवोन
- **राजस्थान के पदक विजेता**: रूद्रांश खंडेलवाल (भरतपुर) ने **एक स्वर्ण पदक, तीन रजत पदक व एक कांस्य** पदक सहित पाँच पदक जीते।
- **स्वर्ण पदक** : रूद्रांश ने पुरुषों की P1 10 मीटर एयर पिस्टल SH 1 में मनीष नरवाल को हराकर स्वर्ण पदक जीता।
  - रूद्रांश ने टीम इवेंट, स्टेडर्ड पिस्टल व्यक्तिगत व टीम इवेंट में रजत पदक प्राप्त किए।
  - इसके अलावा उन्होंने सुमेधा पाठक के साथ 10 मीटर एयर पिस्टल मिक्स्ड टीम इवेंट में कांस्य पदक जीता।

## 23वीं राजस्थान स्टेट शॉटगन चैम्पियनशिप

- **आयोजन**: 27 से 31 जुलाई, 2025 को ओएसिस शूटिंग रेंज, जगतपुरा (जयपुर)
- **प्रमुख परिणाम (डबल ट्रैप स्पर्द्धा)**:
  - **विनय प्रताप सिंह** (पुरुष एवं जूनियर पुरुष वर्ग) और **आनंदी सिंह** (यूथ एवं जूनियर महिला वर्ग) ने 2-2 स्वर्ण पदक जीते।
  - **पुरुष वर्ग (सीनियर)**: **विनय प्रताप सिंह** ने स्वर्ण पदक, अली अमन इलीह ने रजत और हर्षवर्धन सिसोदिया ने कांस्य पदक जीता।
  - **ओपन महिला वर्ग (सीनियर)**: जयपुर की **मैत्रेयी सिंह** ने रजत पदक जीता। मैत्रेयी ने **जूनियर महिला वर्ग** में भी **स्वर्ण पदक** अपने नाम किया।

# खेलो इंडिया गेम्स

## खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स

- **संस्करण**: 5वाँ
- **आयोजन तिथि**: 24 नवम्बर से 5 दिसम्बर, 2025
- **आयोजन स्थल**: राजस्थान के 7 शहरों (जयपुर, अजमेर, उदयपुर, जोधपुर, बीकानेर, कोटा और भरतपुर)
- **आयोजक** : स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (SAI), राजस्थान सरकार, राज्य क्रीड़ा परिषद, भारतीय विश्वविद्यालय संघ (AIU) और राष्ट्रीय खेल महासंघों के तकनीकी सहयोग से
- **होस्ट विश्वविद्यालय** : पूर्णिमा विश्वविद्यालय
- **शुभंकर** : खम्मा और घणी, **आधिकारिक मास्कट**: ऊँट पर आधारित जोड़ी 'खम्मा' और 'घणी'(राजस्थान की पारंपरिक अभिवादन शैली)
- **खिलाड़ी** : कुल 4448 खिलाड़ी, 222 विश्वविद्यालयों से।
- **राजस्थान के शामिल खिलाड़ी**: 163 पुरुष और 72 महिला
- **सम्मिलित खेल** : कुल 24 खेलों में 23 पदक विजेता खेल और एक प्रदर्शन खेल (खो-खो) शामिल है।
- **पदक**: इन 23 स्पर्द्धाओं में 296 स्वर्ण पदक दांव पर हैं।
- **KIUG में नई जोड़ी गई स्पर्द्धाएँ (पहली बार)** : बीच वॉलीबॉल, कैनोइंग व कयाकिंग, साइक्लिंग

### पदक तालिका में शीर्षस्थ 3 विश्वविद्यालय

| रैंक | यूनिवर्सिटी | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी | 42 | 14 | 11 | 67 |
| 2 | लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी | 32 | 24 | 22 | 78 |
| 3 | गुरु नानक देव विश्वविद्यालय, अमृतसर | 32 | 22 | 18 | 72 |

### केआईयूजी 2025 में प्रदेश के शीर्ष पदक विजेता विश्वविद्यालय

| रैंक | विश्वविद्यालय | स्वर्ण | रजत | कांस्य |
|---|---|---|---|---|
| 25 | महाराजा गंगासिंह यूनिवर्सिटी | 2 | 2 | 1 |
| 30 | डॉ. के.एन. मोदी यूनिवर्सिटी | 2 | 1 | - |
| 35 | मणिपाल यूनिवर्सिटी | 1 | 2 | - |
| 41 | श्री जे.जे.टी. यूनिवर्सिटी, झुंझुनूं | 1 | 1 | 2 |
| 46 | मोहनलाल सुखड़िया यूनिवर्सिटी | 1 | 1 | - |

### राजस्थान के स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ी (11)

- **मानव सरदा** (महाराजा गंगासिंह यूनिवर्सिटी) : साइक्लिंग (पुरुष रोड : व्यक्तिगत टाइम ट्रायल)
- **केसव बिरस्सा** (महाराजा गंगासिंह यूनिवर्सिटी) : भारोत्तोलन (पुरुष : 110+ किग्रा.)
- **सागर** (के.एन. मोदी यूनिवर्सिटी) : कुश्ती (पुरुष ग्रीको रोमन 97 किग्रा.)
- **खुशी** (के.एन. मोदी यूनिवर्सिटी) : कुश्ती (महिला फ्रीस्टाइल 68 किग्रा.)
- **यश वर्धन** (मणिपाल यूनिवर्सिटी, जयपुर) : निशानेबाजी (पुरुष 10 मी. एयर राइफल)
- **मनीष** (श्री जे.जे.टी. यूनिवर्सिटी, झुंझुनूं) : मुक्केबाजी (पुरुष 92 किग्रा.)
- वंश शर्मा (मोहनलाल सुखाड़िया यूनिवर्सिटी) : कयाकिंग एंड क्योइंग(पुरुष के1 100 मी.)
- **चारू यादव** (यूनिवर्सिटी ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनजमेंट) : मुक्केबाजी (महिला 57 किग्रा.)
- **नीरज नैन** (यूनिवर्सिटी ऑफ कोटा) : जूडो (पुरुष 73 किग्रा.)
- **अनुज कुमार विश्नोई** (पेसिफिक एकेडमी) : कुश्ती (पुरुष फ्रीस्टाइल 61 किग्रा.)
- **स्वेता** (महर्षि दयानंद सरस्वती यूनिवर्सिटी, राजस्थान) : मुक्केबाजी (महिला 75 किग्रा.)

## पहले खेलो इंडिया बीच गेम्स 2025 में राजस्थान

- **आयोजन**: 19-24 मई, 2025 को दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव में।
- **शुभंकर**: पर्ल - एक डॉल्फिन जो नागोआ बीच पर देखी जाती है।

### राजस्थान का प्रदर्शन

- इसमें राजस्थान 1 रजत और 5 कांस्य पदक सहित कुल 6 पदक जीतकर पदक तालिका में 19वें स्थान पर रहा।
- राजस्थान कबड्डी बीच टीम ने रजत पदक जीता।
  - कबड्डी के खिताबी मुकाबले में राजस्थान को हरियाणा ने फाइनल में राजस्थान को 48-29 से पराजित किया।
- इसके अलावा पेंचेक सिलाट में राजस्थान टीम ने 5 कांस्य पदक जीते।
- पेंचेक सिलाट में राजस्थान की पुरुष टीम के चेनाराम ने 90-95 किग्रा में कांस्य, रवि चौधरी 80-85 किग्रा में कांस्य और अजय चौधरी ने 70-75 किग्रा में कांस्य पदक जीता।
- महिला वर्ग में गायत्री चौधरी ने 75-80 किग्रा में कांस्य और पूनम बिश्नोई ने 65-70 किग्रा में कांस्य पदक जीता।